RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



भरने वाले शहर में, आ पहुंचे श्रीमान।
भरने वाला साथ में, लाये हैं सामान।
लाये हैं सामान, सड़क को सुंदर करने।
तीस जून तक सभी, शहर के गड्ढे भरने।
कह साहिल कविराय, नहीं हम बैठे-ढाले।
गड्ढों को श्रीमान, आ गये भरने वाले।


- डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 11 | ISSUE 154 | SUNDAY 14-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# सेक्टर-11 में दिनदहाड़े गोलियों की गूंज: कुमार मेडिकल में घुसकर कैशियर की हत्या





Goldy Dhillon Groupp

Sat sri akal saryan nu ajj jo 11 sector kumar brother da murder hoya uss di jumewari mai (rana dhillon) and (goldy dhillon group) lainde aa jihnu vi sade phona di ring nahi sundi ohna de dimaagh goli nal khol ke jawage nale warning jehre lawrence leer te ehdi gang mera te mere prawa da nuksaan karan nu ponkdi hai oo apni teyari ch rehan jine vi lok lawrence nu paise denge te ohda sath den ge ohh apni teyari ch rehan #waitandwatch

## सोशल मीडिया पर गोल्डी ढिल्लों ग्रुप ने ली जिम्मेदारी का दावा

### मेडिकल स्टोर में घुसकर बरसाई गोलियां

*प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 2 :30 बजे बाइक पर सवार तीन युवक सेक्टर- 11 मार्केट पहुंचे। इनमें से दो हमलावर सीधे श्री कुमार मेडिकल स्टोर के अंदर घुस गए और ऑटोमेटिक पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। कुछ ही सेकंड में करीब 13 गोलियां चलाई गई, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। फायरिंग में गंभीर रूप से घायल हुए कैशियर जानकी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक हिमाचल प्रदेश के रोहडू क्षेत्र का निवासी था। जानकारी के अनुसार उसकी पत्नी गांव की सरपंच हैं।*






अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। चंडीगढ़ शनिवार दोपहर उस समय दहल उठा, जब शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल सेक्टर-11 स्थित श्री कुमार मेडिकल स्टोर में घुसकर हथियारबंद बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। करीब 13 राउंड फायरिंग की इस सनसनीखेज वारदात में कैशियर जानकी की मौत हो गई, जबकि हमलावर वारदात को अंजाम देकर कुछ ही सेकंड में फरार हो गए। पीजीआई के नजदीक दिनदहाड़े हुई इस हत्या ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के कुछ घंटों बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई, जिसमें खुद को राणा ढिल्लों और गोल्डी ढिल्लों ग्रुप बताने वाले व्यक्तियों ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेने के साथ-साथ कुछ लोगों और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के समर्थकों को धमकी भी दी गई है। हालांकि चंडीगढ़ पुलिस ने अभी तक इस वायरल पोस्ट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और इसकी सत्यता की जांच की जा रही है।

### वायरल पोस्ट से जांच को मिला नया मोड़

वारदात के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हुए संदेश ने जांच को नया मोड़ दे दिया है। पोस्ट में सेक्टर-11 में हुई हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। साथ ही कुछ लोगों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि जो उनकी बात नहीं सुनेंगे, उन्हें गोली से जवाब दिया जाएगा। पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई और उसके कथित समर्थकों का भी जिक्र किया गया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी दावे को जांच के बिना सही नहीं माना जा सकता। साइबर टीम वायरल पोस्ट की उत्पत्ति, संबंधित अकाउंट और तकनीकी पहलुओं की जांच कर रही है।

### रंगदारी और पुरानी रंजिश के एंगल पर जांच

सूत्रों के अनुसार पुलिस इस मामले की जांच रंगदारी, गैंगवार और पुरानी रंजिश सहित विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर कर रही है। बताया जा रहा है कि श्री कुमार मेडिकल स्टोर के मालिक राजीव गर्ग को पहले भी गैंगस्टरों की ओर से धमकियां मिल चुकी हैं। ऐसे में जांच एजेंसियां इस एंगल को भी गंभीरता से खंगाल रही हैं।

### आरोपियों की तलाश में कई एजेंसियां जुटीं

घटना के बाद सेक्टर-11 थाना पुलिस ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की हैं। मामले में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, ऑपरेशन सेल, क्राइम ब्रांच और डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं। विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है और हमलावरों के फरार होने के संभावित रूट खंगाले जा रहे हैं।

### शहरभर में अलर्ट

वारदात के तुरंत बाद चंडीगढ़ पुलिस ने सेक्टर-11 और आसपास के क्षेत्रों को सील कर दिया। शहरभर में नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच की निगरानी कर रहे हैं। दिनदहाड़े हुई इस हत्या और उसके बाद वायरल हुए जिम्मेदारी के दावे ने पूरे शहर में सनसनी फैला दी है। अब सबकी नजर पुलिस जांच पर टिकी है कि आखिर इस हत्याकांड के पीछे कौन है और क्या सोशल मीडिया पर किया गया दावा वास्तव में इस वारदात से जुड़ा हुआ है।



## कॉकरोच जनता पार्टी: व्यंग्य से दबाव समूह बनने तक का सफर

जो आंदोलन शुरूआत में एक अनोखे और कुछ हद तक व्यंग्यात्मक छात्र अभियान के रूप में देखा गया था, वह अब धीरे-धीरे एक ऐसे दबाव समूह का रूप लेता दिखाई दे रहा है जिसे मुख्यधारा की राजनीति नजरअंदाज नहीं कर सकती। दिल्ली और पुणे में प्रदर्शन करने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी का अमृतसर में आयोजित विरोध प्रदर्शन इस बात का संकेत है कि यह आंदोलन भौगोलिक रूप से फैल रहा है और देश के युवाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।


संदीप शर्मा, सम्पादक

इस आंदोलन का केंद्र बिंदु एक गंभीर चिंता है—देश की परीक्षा और भर्ती प्रणालियों में लगातार घटता भरोसा। आंदोलनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं और नीट तथा सीबीएसई परीक्षा विवादों में जवाबदेही तय करने की बात कर रहे हैं। मांगें भले नई न हों, लेकिन जिस तरीके से इन्हें उठाया जा रहा है, उसने उस पीढ़ी की भावनाओं को आवाज दी है जो संस्थागत विफलताओं से लगातार निराश होती जा रही है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' नाम सुनने में भले हास्यपूर्ण लगे, लेकिन इसके पीछे एक गहरा प्रतीकवाद छिपा है। जिस तरह कॉकरोच विपरीत परिस्थितियों में भी जीवित रहने की क्षमता रखता है, उसी तरह यह आंदोलन छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को उस पीढ़ी के रूप में प्रस्तुत करता है जो पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में देरी, नियमों में बदलाव और सीमित रोजगार अवसरों जैसी समस्याओं के बावजूद संघर्ष करती रहती है। व्यंग्य के पीछे छिपा संदेश दरअसल गुस्से और हताशा का है। इस आंदोलन का उभार देश में उभर रही एक बड़ी प्रवृत्ति की ओर भी इशारा करता है। आज का युवा अधिक जुड़ा हुआ है, अधिक जागरूक है और पारंपरिक राजनीतिक ढांचों से बाहर निकलकर अपनी आवाज उठाने को तैयार है। स्थापित राजनीतिक दलों के छात्र संगठनों से अलग, यह आंदोलन खुद को मुद्दा-आधारित और स्वतंत्र बताता है। इसकी भाषा डिजिटल है, इसकी शैली मीम संस्कृति से प्रभावित है और इसका संचार पूरी तरह जेन-जी की सोच के अनुरूप है। यही कारण है कि इसकी चर्चा विश्वविद्यालय परिसरों से बाहर भी होने लगी है। राजनीतिक इतिहास बताता है कि कई प्रभावशाली दबाव समूहों की शुरूआत किसी एक मुद्दे से हुई थी। पर्यावरण आंदोलन, भ्रष्टाचार विरोधी अभियान और किसान संगठन ऐसे उदाहरण हैं जिन्होंने बिना राजनीतिक दल बने भी नीतियों को प्रभावित किया। कॉकरोच जनता पार्टी भी भविष्य में ऐसा प्रभाव डाल पाएगी या नहीं, यह समय बताएगा, लेकिन इतना स्पष्ट है कि इसने शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के मुद्दों पर राष्ट्रीय बहस को नई दिशा दी है। सत्ता प्रतिष्ठान के लिए यह मान लेना भूल होगी कि यह केवल सोशल मीडिया पर चलने वाला क्षणिक अभियान है। युवाओं का असंतोष अक्सर बड़े राजनीतिक बदलावों का शुरूआती संकेत होता है। पारदर्शिता, जवाबदेही, योग्यता आधारित व्यवस्था और रोजगार जैसे मुद्दे करोड़ों छात्रों और नौकरी के अभ्यर्थियों की साझा चिंताएं हैं। हर परीक्षा विवाद इस धारणा को और मजबूत करता है कि व्यवस्था उन युवाओं के साथ न्याय नहीं कर पा रही जो अपने जीवन के कई वर्ष प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगाते हैं। हालांकि आंदोलन के सामने अपनी चुनौतियां भी हैं। प्रतीकात्मक प्रदर्शनों से आगे बढ़कर इसे संगठनात्मक मजबूती, स्पष्ट लक्ष्य और दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता होगी। सोशल मीडिया के दौर में जनसमर्थन जितनी तेजी से मिलता है, उतनी ही तेजी से बिखर भी सकता है। फिर भी, कॉकरोच जनता पार्टी का महत्व इस बात में नहीं है कि वह भविष्य में राजनीतिक दल बनती है या नहीं। इसका महत्व इस तथ्य में है कि यह उस बढ़ती बेचैनी और असंतोष का प्रतीक बन चुकी है जिसे देश का युवा महसूस कर रहा है। जैसे-जैसे यह आंदोलन एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंच रहा है, इसका संदेश और स्पष्ट होता जा रहा है—भारत का युवा अब केवल दर्शक बने रहने को तैयार नहीं है। वह जवाब चाहता है, जवाबदेही चाहता है और निर्णय प्रक्रिया में अपनी हिस्सेदारी भी।

# लोन चुका दिया, फिर भी एटककाटने की कोशिश! SBI पर 1 लाख रुपये जुर्माना

## कार लोन बंद होने के बाद भी बार-बार कटौती की कोशिश, उपभोक्ता आयोग ने बैंक को ठहराया दोषी

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। पंजाब के एक 57 वर्षीय व्यक्ति को कार लोन पूरी तरह चुकाने और बैंक से लोन क्लोजर सर्टिफिकेट (NOC) मिलने के बावजूद बैंक की तकनीकी या प्रशासनिक लापरवाही भारी पड़ गई। बैंक लगातार उसके खाते से एटक काटने की कोशिश करता रहा, जिसके चलते उसे पेनल्टी शुल्क भी भरना पड़ा। मामले में जिला उपभोक्ता आयोग ने ग्राहक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए भारतीय स्टेट बैंक (SBI) को 1 लाख रुपये मुआवजा, 590 रुपये की वापसी और 10 हजार रुपये मुकदमे का खर्च देने के आदेश दिए हैं।




जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता संजीव कुमार नैयर ने वर्ष 2021 में एसबीआई से 2 लाख रुपये का कार लोन लिया था। वह हर महीने समय पर 4,100 रुपये की एटकजमा करते रहे और नवंबर 2025 में पूरा लोन चुका दिया। बैंक ने लोन क्लोज कर उन्हें विधिवत नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) भी जारी कर दिया।

लेकिन इसके बाद भी मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। शिकायत के मुताबिक, लोन बंद होने के बाद दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में बैंक ने दो बार फिर एटक काटने की कोशिश की। ग्राहक की आपत्ति के बाद राशि वापस कर दी गई और भरोसा दिलाया गया कि गलती दोबारा नहीं होगी।

हालांकि 20 जनवरी 2026 को बैंक ने एक बार फिर एटक वसूली के लिए NACH रिकवरी प्रक्रिया शुरू कर दी। खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण ट्रांजैक्शन फेल हो गया और ग्राहक के खाते से 590 रुपये बाउंस चार्ज काट लिए गए। इसके बाद संजीव कुमार ने बैंक को कानूनी नोटिस भेजा, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। मजबूर होकर उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई करते हुए आयोग के अध्यक्ष जगदीश्वर कुमार चोपड़ा और सदस्य मनदीप कौर ने माना कि लोन बंद होने के बाद बार-बार एटकवसूली का प्रयास बैंक की स्पष्ट लापरवाही और सेवा में कमी को दर्शाता है। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि बैंक की कार्रवाई से ग्राहक को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक तनाव, समय की बबादी और CIBIL स्कोर खराब होने की चिंता भी झेलनी पड़ी।

### आयोग ने एसबीआई को निर्देश दिए कि:

ग्राहक को काटे गए 590 रुपये वापस किए जाएं
यदि CIBIL रिकॉर्ड प्रभावित हुआ हो तो उसे सुधारा जाए
1 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए
10 हजार रुपये मुकदमे का खर्च भी अदा किया जाए
उपभोक्ता आयोग ने साफ कहा कि बैंक एक सेवा प्रदाता होने के नाते ग्राहकों के हितों की रक्षा करने के लिए बाध्य है और इस मामले में वह अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल रहा।

# बारिश ने दिलाई राहत, लेकिन खोल दी तैयारियों की पोल: 17 हजार से ज्यादा रोड गलियां अब भी सफाई का इंतजार कर रहीं

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। पिछले24 घंटों के दौरान हुई बारिश और तेज हवाओं ने जहां चंडीगढ़वासियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं नगर निगम की मानसून तैयारियों की हकीकत भी सामने ला दी। शहर के कई हिस्सों में जलभराव और बंद रोड गलियों (स्टॉर्म वाटर ड्रेनों) के कारण पानी की निकासी प्रभावित रही। इससे साफ हो गया कि मानसून से पहले सफाई अभियान अभी अधूरा है। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार शहर में कुल 30,453 रोड गलियां हैं, जिनमें से अब तक केवल 13,050 की सफाई हो पाई है। जबकि 17,403 रोड गलियां अब भी सफाई का इंतजार कर रही हैं। नतीजतन बारिश के दौरान कई सेक्टरों और प्रमुख सड़कों पर पानी जमा होने की शिकायतें सामने आई।

### पॉश सेक्टर भी नहीं बचे जलभराव से

बारिश के बाद सेक्टर-25, सेक्टर-38, सेक्टर-33, सेक्टर-20, सेक्टर-7 और सेक्टर-9डी समेत कई इलाकों में सड़क किनारे बनी गलियों के जाम होने से पानी की निकासी प्रभावित रही। कई स्थानों पर कचरा और मलबा जमा होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक सड़कों पर खड़ा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल मानसून से पहले ड्रेनों और रोड


गलियों की सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में स्थिति स्पष्ट हो जाती है।

### मौसम हुआ सुहावना, तापमान में बड़ी गिरावट

बारिश का असर मौसम पर भी साफ दिखाई दिया। शहर में 21.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री नीचे लुढ़ककर 33.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.4 डिग्री कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश तथा गरज-चमक की संभावना भी है।

### हवा हुई साफ, अदकपहुंचा गुड श्रेणी में



बारिश का सकारात्मक असर शहर की वायु गुणवत्ता पर भी देखने को मिला। चंडीगढ़ पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी (सीपीसीसी) के अनुसार शुक्रवार को शहर का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 45 दर्ज किया गया, जो 'गुड' श्रेणी में आता है। सेक्टर-22 में अदक54, जबकि सेक्टर-25 और सेक्टर-53 में 40-40 दर्ज किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार बारिश ने वातावरण में मौजूद धूल और प्रदूषण कणों को काफी हद तक साफ कर दिया।

### बिजली आपूर्ति भी हुई प्रभावित

तेज हवाओं और आंधी के कारण शहर के कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। कई स्थानों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गई। हालांकि चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (CPDL) का कहना है कि नुकसान सीमित रहा और अधिकांश शिकायतों का त्वरित समाधान कर दिया गया।


पेज 06 ज्ञान स्थल मंदिर सभा ने गोसेवा मिशन अध्यक्ष..




# AICMA अवार्ड्स में 7 दिग्गजों को किया सम्मानित, पंजाब गवर्नर ने की शिरकत

लुधियाना/यूटर्न/13 जून। शनिवार को फिरोजपुर रोड स्थित होटल पार्क प्लाजा में 5वें AICMA अवार्ड्स का भव्य आयोजन किया गया। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मंत्री अमन अरोड़ा ने इस समारोह में शिरकत की। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों की कई नामी हस्तियों का जमावड़ा देखने को मिला। इस दौरान सात दिग्गज कारोबारियों को सम्मानित किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण वह पल रहा जब पंजाब के




राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने बच्चों को साइकिलें भेंट कीं।

इन 7 दिग्गजों को मिला अवॉर्ड कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 7 प्रमुख दिग्गजों को विशेष अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें थिरु अरुणाचलम वेलायन -पूर्व अध्यक्ष AICMA एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, मुरुगप्पा ग्रुप, गौरव मुंजाल- मैनेजिंग डायरेक्टर, हीरो इकोटेक लिमिटेड योगेंद्र उपाध्याय- CEO, बाइसिकल डिवीजन 91,सत्य शंकरन- बाइसिकल मेयर, बेंगलुरु, देबोराह हेरोल्ड-असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, सिमरन सिंह- मैसर्स एडवांस प्लास्टिक इंडस्ट्रीज, अरिजीत सोनी - प्रमोटर, मायबिक शामिल हैं।

# संगला शिवाला मंदिर विवाद: स्व. महंत नारायण पुरी की बहन ने लगाए गंभीर आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

लुधियाना/यूटर्न/13 जून। शहर के प्राचीन संगला शिवाला मंदिर को लेकर विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। स्वर्गीय महंत नारायण पुरी (नारायण दास पुरी) की बहन रमन बाला पुरी ने प्रेस वार्ता कर मंदिर के मौजूदा महंत दिनेश पुरी पर कई गंभीर आरोप लगाए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। रमन बाला पुरी ने आरोप लगाया कि महंत दिनेश पुरी ने मंदिर की गद्दी पर कब्जा करने के लिए कथित तौर पर फर्जी वसीयत तैयार करवाई। उनका दावा है कि स्व. महंत नारायण पुरी की मृत्यु के बाद इस वसीयत के आधार पर मंदिर के प्रबंधन और अधिकारों पर दावा किया गया।



उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मंदिर की करोड़ों रुपये की संपत्ति, आय और दानपात्र से आने वाली राशि का सही हिसाब नहीं रखा जा रहा और इसका निजी इस्तेमाल किया जा रहा है। रमन बाला पुरी ने मंदिर की संपत्ति का स्वतंत्र ऑडिट कराने की मांग उठाई। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने धार्मिक मयार्दाओं के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर जैसी आस्था की जगह पर पारदर्शिता और परंपराओं का पालन जरूरी है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिवार को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है।

रमन बाला पुरी ने पुलिस और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की अपील की है। वहीं, इस मामले में मौजूदा महंत दिनेश पुरी पहले ही आरोपों को खारिज करते हुए कह चुके हैं कि वे अपने पिता की वसीयत के आधार पर मंदिर की सेवा कर रहे हैं और जमीन से जुड़ा मामला अदालत में विचाराधीन है। अब इस विवाद पर सभी की नजर प्रशासन और कानूनी प्रक्रिया पर टिकी हुई है।

# भीषण गर्मी में फिटनेस का नया मंत्र, एक्वा योगा वर्कशॉप में उमड़ा उत्साह



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। बढ़ती गर्मी के बीच लोगों को राहत पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रिदम पिलाटेस एंड योगा स्टूडियो की ओर से होटल रीजेंटा क्लासिक में विशेष एक्वा योगा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के फिटनेस प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पानी में योग के अनूठे अनुभव का आनंद लिया। वर्कशॉप का संचालन स्टूडियो की संचालिका पल्लवी जोशी ने किया, जबकि योग प्रशिक्षिका प्रभजोत कौर ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, स्ट्रेचिंग तकनीकों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। पानी में किए गए इन अभ्यासों ने प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तरोताजा महसूस कराया। पल्लवी जोशी ने बताया कि एक्वा योगा न केवल शरीर को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि जोड़ों पर कम दबाव डालते हुए लचीलापन, संतुलन और ऊर्जा बढ़ाने में भी मदद करता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में फिटनेस के साथ-साथ मानसिक शांति भी बेहद जरूरी है और एक्वा योगा दोनों का बेहतरीन संगम है।

# कोर्ट कॉम्प्लेक्स के बाहर वकील से मारपीट, कपड़े भी फाड़े, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/13 जून। जिला कचहरी कॉम्प्लेक्स में केस की तारीख पता करने गए एक वकील पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने वकील के साथ मारपीट की और उसकी ड्रेस भी फाड़ दी। जब एक अन्य वकील बीच-बचाव के लिए पहुंचा, तो उस पर भी तेजधार हथियार से हमला कर दिया। थाना डिवीजन नंबर 5 की पुलिस ने एडवोकेट गुरदीप सिंह के बयान पर आरोपी दयानंद



और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में एडवोकेट गुरदीप सिंह ने बताया कि उनके दादा राम कुमार ने आरोपी दयानंद और अन्य लोगों के खिलाफ लुधियाना की अदालत में एक मुकदमा दायर किया हुआ है। वह अपने दादा के केस की अगली तारीख पता करने के लिए अदालत गए थे। जैसे ही वह अदालत कक्ष से बाहर निकले, वहां पहले से मौजूद आरोपी दयानंद और उसके दो अज्ञात साथियों ने उन्हें घेर लिया।आरोप है कि पहले आरोपियों ने उनके साथ बहस शुरू की और फिर मारपीट करने लगे। गुरदीप सिंह का कहना है कि कोर्ट कॉम्प्लेक्स के भीतर ही आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और उनकी वकील वाली ड्रेस भी फाड़ दी। जब गुरदीप ने शोर मचाया तो वहां मौजूद एक और वकील अजय कुमार उन्हें छुड़वाने के लिए आगे आए। इससे गुस्से में आए आरोपी दयानंद ने अजय कुमार पर भी तेजधार हथियार से वार कर दिया। आसपास के लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी, गुरदीप सिंह को जान से मारने की धमकियां देते हुए वहां से फरार हो गए।

# 21 जून की NEET पुनः परीक्षा को लेकर हरियाणा अलर्टः मुख्य सचिव ने दिए सख्त निर्देश

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। 21 जून को होने वाली NEET पुनः परीक्षा को लेकर हरियाणा सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा को निष्पक्ष, सुरक्षित और बिना किसी अव्यवस्था के कराने के लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में सभी डिप्टी कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक, पुलिस कमिश्नर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत रखी जाए और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता की कोई गुंजाइश न रहे।

उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों का पहले से निरीक्षण किया जाए और वहां बिजली, पीने का पानी, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही जिला प्रशासन को पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन विभाग के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए, ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी सामने न आए।






बैठक में परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ट्रैफिक प्रबंधन और परीक्षार्थियों की सुविधा पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को कहा गया कि अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि NEET जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है और हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इसके अलावा जिला प्रशासन को हेल्प डेस्क स्थापित करने और परीक्षा समय, रिपोर्टिंग शेड्यूल व दिशा-निर्देशों की जानकारी अभ्यर्थियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। सरकार का लक्ष्य है कि 21 जून को होने वाली परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

# पंजाब में AAP सरकार की उल्टी गिनती शुरू, अगली सरकार भाजपा की बनेगीः नायब सिंह सैनी

अबोहर/यूटर्न/13 जून। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि राज्य में बदलाव की शुरूआत हो चुकी है और अब सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा सरकार बनेगी और प्रदेश को नशे व अव्यवस्था से बाहर निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री सैनी शनिवार को अबोहर में आयोजित विशाल ओबीसी महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

अपने संबोधन में सैनी ने पंजाब की भूमि को वीरों और देशभक्तों की धरती बताते हुए किसानों, व्यापारियों, युवाओं और माताओं के योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने पंजाब सरकार के ह्ययुद्ध नशों के विरुद्धह्व अभियान को असफल बताते हुए कहा कि सरकार केवल नारों और प्रचार तक सीमित होकर रह गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा



सरकार बनने के बाद पंजाब में नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया जाएगा जहां नशे के कारोबार को जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी को आगामी चुनावों में हार का अंदेशा हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मुद्दों को छोड़कर राजनीतिक दिखावे में व्यस्त है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के वादे और रोजगार के मुद्दे पर भी सवाल उठाए।अबोहर के विकास का मुद्दा उठाते हुए सैनी ने कहा कि नगर निगम को पर्याप्त संसाधन नहीं दिए गए और क्षेत्र की अनदेखी की गई। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार छोटे गांवों तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के सशक्तिकरण को सरकार ने प्राथमिकता दी है। उन्होंने ओबीसी समाज से भाजपा को मजबूत करने और पंजाब में अगली सरकार बनाने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान अन्य नेताओं ने भी पंजाब में बदलाव और विकास को लेकर अपने विचार रखे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार, आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड



अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/13 जून। थाना मनसा देवी कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के मामले में पंचकूला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से 2 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मनसा देवी कॉम्प्लेक्स में एक नाबालिग लड़की से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी, जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी वर्ष 2025 में सेक्टर-06 मनसा देवी कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में कारपेंटर का कार्य करने के लिए आया था। इसी दौरान उसकी पहचान पीड़िता से हुई और दोनों के बीच फोन तथा सोशल मीडिया के माध्यम से बातचीत होने लगी।

जांच के दौरान आरोपी ने बताया कि दिसंबर 2025 में उसने पीड़िता को सेक्टर-06 स्थित एक सार्वजनिक पार्क में बुलाया था, जहां दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने। आरोपी के अनुसार उसे पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए तथा कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच महिला उपनिरीक्षक सरस्वती, थाना मनसा देवी कॉम्प्लेक्स द्वारा की गई। पुलिस द्वारा पीड़िता के बयान दर्ज करवाए गए तथा अन्य आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गई। मामले में आगे की जांच जारी है, आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन का रिमांड लिया गया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने कहा कि बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध अत्यंत गंभीर हैं और ऐसे मामलों में पंचकूला पुलिस पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्यवाही करती है। पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# पंचकूला पुलिस का नशा विरोधी अभियान जारीः मैदान 2.0 के तहत डॉग स्क्वॉड के साथ विभिन्न क्षेत्रों में कॉम्बिंग ऑपरेशन



पंचकूला/यूटर्न/13 जून। नशामुक्त हरियाणा अभियान३ को सफल बनाने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ३मैदान 2.0३ अभियान के तहत जिले में नशे के खिलाफ लगातार सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज पंचकूला पुलिस की थाना, क्राइम एवं एंटी नारकोटिक्स टीमों ने संयुक्त रूप से डॉग स्क्वॉड के सहयोग से आशियाना सेक्टर-26, बंगला बस्ती कालका तथा गांव अभयपुर में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के दिशानिर्देश तथा डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशा तस्करों, असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा। कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने क्षेत्र की गलियों, सार्वजनिक स्थानों, खाली प्लॉटों, झुग्गी-बस्तियों, संदिग्ध ठिकानों, झाड़ियों तथा अन्य संवेदनशील स्थानों की गहन तलाशी ली। डॉग स्क्वॉड की सहायता से नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री एवं सेवन से जुड़े संभावित ठिकानों की विशेष रूप से जांच की गई। इसके अलावा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन की कार्यवाही भी की गई तथा क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों पर कड़ी निगरानी रखी गई।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में आईएएफ के...

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ भारत के अगले सेना प्रमुख होंगे

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ अगले सेना प्रमुख होंगे। वे मौजूदा सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के रिटायर होने के बाद 30 जून को पद संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ अभी सेना के उप-प्रमुख के तौर पर काम कर रहे हैं; उन्होंने इस साल 1 अप्रैल को यह पद संभाला था।

खड़कवासला स्थित नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के पूर्व छात्र, लेफ्टिनेंट जनरल सेठ दिसंबर 1986 में आर्मर्ड कॉर्प्स में शामिल हुए थे। लगभग चार दशकों के अपने सैन्य करियर के दौरान, उन्होंने अलग-अलग इलाकों और संघर्ष वाले माहौल में, जिसमें उग्रवाद-विरोधी अभियान भी शामिल हैं, व्यापक ऑपरेशनल अनुभव हासिल किया है। उन्होंने रेगिस्तानी इलाके में एक आर्मर्ड रेजिमेंट, मैदानी इलाकों में एक आर्मर्ड ब्रिगेड और जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर-इंसर्जेंसी फोर्स (उग्रवाद-विरोधी बल) की कमान संभाली है।



## सुदर्शन चक्र कॉर्प्स की कमान संभाली

लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर प्रमोशन के बाद, उन्होंने सुदर्शन चक्र कॉर्प्स की कमान संभाली और बाद में दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) के तौर पर काम किया, जहाँ उन्होंने कई बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की देखरेख की। इसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने साउथ वेस्टर्न कमांड और सदर्न कमांड दोनों के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर काम किया, जिससे उन्हें दो ऑपरेशनल कमांड का नेतृत्व करने का दुर्लभ सम्मान मिला।

## अहम स्टॉफ और रणनीतिक पदों पर काम किया

उन्होंने कई अहम स्टाफ और रणनीतिक पदों पर भी काम किया है, जिनमें जम्मू-कश्मीर में एक इंडिपेंडेंट आर्मर्ड ब्रिगेड के ब्रिगेड मेजर, अंगोला में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ ऑपरेशन्स ऑफिसर, सेना मुख्यालय में असिस्टेंट मिलिट्री सेक्रेटरी, साउथ वेस्टर्न कमांड मुख्यालय में ब्रिगेडियर जनरल स्टाफ (ऑपरेशन्स) और डायरेक्टर जनरल (डिसिप्लिन, सेरेमोनियल और वेलफेयर) शामिल हैं।

## योजना और क्षमता विकास में अहम भूमिका

सरकार के अनुसार, लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने रणनीतिक योजना और क्षमता विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कर्नल (क्षमता विकास - मशीनीकृत बल), ब्रिगेडियर (परिप्रेक्ष्य योजना और अधिग्रहण) और अतिरिक्त महानिदेशक (क्षमता विकास) जैसे पदों पर काम किया है। इन भूमिकाओं में, उन्होंने भारतीय सेना की दीर्घकालिक एकीकृत परिप्रेक्ष्य योजना और आधुनिकीकरण के व्यापक प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एकेडमिक रिकॉर्ड रहा शानदार

लेफ्टिनेंट जनरल सेठ का एकेडमिक रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। वे जूनियर कमांड कोर्स में पहले स्थान पर रहे और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में 'बेस्ट ऑल-राउंड स्टूडेंट ऑफिसर मेडल' से सम्मानित किए गए। वे 'हायर कमांड कोर्स' और प्रतिष्ठित 'नेशनल डिफेंस कॉलेज' के पूर्व छात्र भी हैं। उन्होंने पेरिस में 'कमांड एंड स्टाफ कोर्स' भी किया है।

# सीआईटीसीओ ने तीन होटलों में पीएनजी सुविधा शुरू की, हरित आतिथ्य के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। पर्यावरणीय स्थिरता और परिचालन दक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल एंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (सीआईटीसीओ) ने अपने तीन प्रमुख होटलों - होटल माउंटव्यू, होटल शिवालिकव्यू तथा होटल पार्कव्यू में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू कर दिया है। पीएनजी को अपनाना सीआईटीसीओ की स्वच्छ और हरित ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो सतत शहरी विकास के लिए सरकार की परिकल्पना के अनुरूप है। पीएनजी एक पर्यावरण-अनुकूल ईंधन है, जो पारंपरिक ईंधनों की तुलना में अधिक सुरक्षा, निर्बाध आपूर्ति, बेहतर परिचालन दक्षता तथा कम





कार्बन उत्सर्जन सुनिश्चित करता है। इस पहल से होटलों के रसोई संचालन को विश्वसनीय ईंधन स्रोत उपलब्ध होगा तथा स्वच्छ पर्यावरण को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम सीआईटीसीओ के आतिथ्य अवसंरचना के आधुनिकीकरण और ऊर्जा प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के प्रयासों को भी सुदृढ़ करता है। सीआईटीसीओ के प्रबंध निदेशक डॉ. सैयद आबिद रशीद शाह, आईएएस ने कहा, हमारे होटलों में पीएनजी की शुरूआत सीआईटीसीओ की स्थिरता और संसाधनों के जिम्मेदार प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को अपनाकर हम न केवल परिचालन दक्षता बढ़ा रहे हैं, बल्कि एक हरित और स्वस्थ चंडीगढ़ के निर्माण में भी योगदान दे रहे हैं।

यह पहल अवसंरचना उन्नयन, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार कार्यप्रणालियों को अपनाने तथा अतिथियों को उच्च गुणवत्ता वाली आतिथ्य सेवाएं प्रदान करने के हमारे सतत प्रयासों का एक और महत्वपूर्ण कदम है। सीआईटीसीओ के मुख्य महाप्रबंधक श्री नवीन रत्तू, डेनिक्स ने कहा, होटल माउंटव्यू, होटल शिवालिकव्यू और होटल पार्कव्यू में पीएनजी आपूर्ति का कार्यान्वयन एक महत्वपूर्ण परिचालन उन्नयन है। पीएनजी निरंतर और सुरक्षित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करती है, रसोई की कार्यकुशलता बढ़ाती है तथा पारंपरिक ईंधन प्रणालियों पर निर्भरता कम करती है।

# दिनदहाड़े गोलीकांड से शहर की कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल : मुकेश गोयल

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। सेक्टर-22 शास्त्री मार्केट व स्मॉल ट्रेडर्ज ऐसोसिएशन के प्रधान मुकेश गोयल ने आज सेक्टर-11 में दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शहर के बीचों-बीच इस प्रकार की घटनाएं नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करती हैं। मुकेश गोयल ने कहा कि चंडीगढ़ अपनी शांतिपूर्ण और सुरक्षित पहचान के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल की घटना ने कानून-व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए। गोयल ने घटना में प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे शहर को मिलकर अपराध के खिलाफ एकजुट होना होगा ताकि चंडीगढ़ की शांति और सुरक्षा कायम रह सके।



# मोहाली लूटकांडः पंजाब पुलिस का हेड कांस्टेबल बर्खास्त, एयरोसिटी लूट मामले में हुआ था गिरफ्तार

## मामले में मोहाली एसएसपी ने लिया संज्ञान

अजीत झा

मोहाली/यूटर्न/13 जून। एयरोसिटी लूटकांड में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के हेड कांस्टेबल जीवनदीप सिंह को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस संबंध में एसएसपी मोहाली हरमनदीप सिंह हंस ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। विभागीय जांच में लूटकांड में उसकी संलिप्तता सामने आने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले आईटी सिटी थाना पुलिस ने एयरोसिटी में हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में पंजाब पुलिस का हेड कांस्टेबल जीवनदीप सिंह भी शामिल है। इसके बाद पुलिस विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की और उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया।

## हथियारों के बल पर की थी लूट

पुलिस के अनुसार, एक जून की देर रात एयरोसिटी के ब्लॉक-सी स्थित सर्विस रोड पर कुछ युवकों को हथियारों के बल पर निशाना बनाया गया था। आरोपियों ने पीड़ितों से सोने की चेन, मोबाइल फोन, लैपटॉप और थार वाहन की चाबी लूट ली थी। वारदात के दौरान एक युवक घायल भी हो गया था। घटना के बाद आईटी सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया सामान भी बरामद कर लिया गया। इसी दौरान हेड कांस्टेबल जीवनदीप सिंह की भूमिका सामने आई, जिसके बाद विभाग ने उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

## फरार आरोपी की तलाश जारी

एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने कहा कि पुलिस विभाग में अपराध या किसी भी गैरकानूनी गतिविधि में शामिल कर्मचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ज्ञान स्थल मंदिर सभा ने गौसेवा मिशन अध्यक्ष बिट्टू गुंबर को किया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। गौसेवा मिशन लुधियाना का अध्यक्ष नियुक्त होने पर समाजसेवी एवं गौभक्त बिट्टू गुंबर को सुहानी बिल्डिंग चौक स्थित श्री ज्ञान स्थल मंदिर सभा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा के प्रवीण बजाज, राकेश बजाज, राज कुमार वर्मा, शामलाल कपूर, संजीव गुप्ता और रत्न लाल गर्ग ने उन्हें सम्मानित करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि बिट्टू गुंबर लंबे समय से विभिन्न गौशालाओं से जुड़कर गौमाता की सेवा में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। वे जरूरतमंद गौशालाओं, मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं की सहायता के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गौ सेवा मिशन के अध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद जी महाराज द्वारा एक समर्पित गौभक्त को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना गौसेवा आंदोलन को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह समूचे सनातन समाज के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। इस मौके पर बिट्टू गुंबर ने सभी गौभक्तों और मंदिर सभा के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# ब्राह्मण समाज के उत्थान व सनातन संस्कृति के प्रचार हेतु समर्पित रहेंगे - ऋषि जैन, अनुज मदान



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर, जोशी नगर धाम में पावन दरबार में आम आदमी पार्टी के ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त उप-चेयरमैन वरुण मेहता ने श्री बालाजी महाराज के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान द्वारा विशेष सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरुण मेहता ने कहा कि सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर का यह दरबार भक्तों की अटूट आस्था का केंद्र है।

वरुण मेहता ने कहा कि ब्राह्मण समाज के उप-चेयरमैन के रूप में उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वह ब्राह्मण समाज के हितों, अधिकारों एवं कल्याण के लिए विशेष रूप से कार्य करेंगे तथा समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की महान परंपराओं, संस्कारों एवं मूल्यों के प्रचार-प्रसार को भी अपनी प्राथमिकता बनाएंगे तथा युवा पीढ़ी को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेंगे। मंदिर प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान ने वरुण मेहता को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दी।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### विक्षुब्ध अर्थव्यवस्था

दौलत के खेल में उलझा जहान, कभी मंदी,
कभी महँगाई का तूफान ।
रोजगार घटे, बढ़ गई महँगाई, आम जन की जेब
पे है, भारी मंदी छाई।
बाजार करें डगमग, निवेश हैं डराए, भविष्य की
राहें धुंध में छुप छुप जाएँ।
नित होते जा रहे हैं, अमीर और भी अमीर, गरीब
और गरीब, सपनों का टूटना लगे न अब अजीब।
अब तो संकटों से न निकलती है राहें, नए विचार
चाहे कितना भी खोलें बाहें।
तेल की क ीमतें तो ही बढ़ती जाएँ, रोटी की
क ीमत भी ढेरों आँसू रुलाएँ।
डॉलर ऊपर, रुपया नीचे, हर बाजार को है
गिरावट खींचे ।
हर तरफ हो रही, फैक्टरियाँ बंद और मजदूर हो
रहे लाचार, कर्ज.में डूबा है अब हर व्यापार।
बेरोजगारी बढ गई है चारों ओर, युवाओं के सपने
हो गए हैं कमजोर।
अमीर बनते जा रहे और अमीर, गरीबों की
हालत है अधमीर।
महँगाई ने तोड़ी कमर, जनता बोले – ₹जीते जी
हम रहे हैं मर₹ युद्धों की आँधी, राजनीति की आग,
अर्थव्यवस्था पर छा गए हैं विराग। फिर भी आशा
बाकि है वहाँ, संघर्षों में भी खिलता है कमल जहाँ।
नवाचार से होगी नई शुरूआत, मानवता से मिलेगा
मेहनत को प्रभात। हिम्मत न हारो साथी उठ जाओं
हिम्मत से भूलो अपने सारे गम एक दिन फिर से
विश्व उठेगा, टूटेगा भ्रम, अर्थव्यवस्था पाएगी फिर
से नया दम

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या पत्नी पति की पैतृक (Ancestral) संपत्ति में हिस्सा मांग सकती है?**

वैवाहिक विवादों में यह एक बहुत सामान्य प्रश्न है कि क्या पत्नी को पति की पैतृक संपत्ति (Ancestral Property) में हिस्सा मिल सकता है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि पति की स्वयं अर्जित संपत्ति (Self-Acquired Property) और पैतृक संपत्ति (Ancestral Property) अलग-अलग कानूनी अवधारणाएं हैं।

सामान्यत: पत्नी को केवल विवाह के आधार पर पति की पैतृक संपत्ति में सह-स्वामित्व (co-ownership) का अधिकार नहीं मिल जाता। वह उस संपत्ति में उसी प्रकार हिस्सा नहीं मांग सकती, जैसे कानूनी उत्तराधिकारी (legal heir) मांगते हैं। हालांकि, यदि Maintenance, Residence Rights या Alimony का प्रश्न हो, तो अदालत पति की कुल आर्थिक स्थिति और उपलब्ध संपत्तियों को ध्यान में रख सकती है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पति का पैतृक संपत्ति में जो वैध हिस्सा बनता है, वह उसकी आर्थिक क्षमता का आकलन करने में प्रासंगिक हो सकता है।

कई लोग यह मान लेते हैं कि शादी होते ही पत्नी को पति की हर संपत्ति में आधा हिस्सा मिल जाता है, जबकि भारतीय कानून में ऐसा कोई सामान्य नियम नहीं है।

दूसरी ओर, यदि पति की मृत्यु हो जाती है, तो उत्तराधिकार (succession) के नियम अलग लागू होते हैं और पत्नी को कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में अधिकार प्राप्त हो सकते हैं।

निष्कर्ष: सिर्फ पत्नी होने के आधार पर पति की पैतृक संपत्ति में स्वत: हिस्सा नहीं मिलता। हालांकि, Maintenance, Residence Rights और उत्तराधिकार जैसे मामलों में संपत्ति का कानूनी महत्व अवश्य हो सकता है।

# बो थीम पर आयोजित किटी पार्टी में महिलाओं ने बिखेरा फैशन का जलवा



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। लुधियाना में आयोजित किटी पार्टी में इस बार बो थीम मुख्य आकर्षण रही। कार्यक्रम की मेजबानी जेसी नविता ने की। महिलाओं ने अपने गाउन, ड्रेसेज, हेयर एक्सेसरीज और हैंडबैग्स में बो स्टाइल अपनाकर फैशन का शानदार प्रदर्शन किया। पार्टी के दौरान डांस, गेम्स और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का सभी ने भरपूर आनंद लिया। थीम के अनुरूप सजी-धजी महिलाओं ने रैंप वॉक और फोटो सेशन में भी हिस्सा लिया।

# भाजपा पंजाब में अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव-हरदीप पुरी

## प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम किया जो देशवासियों के लिए गर्व की बात

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/13 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय पेट्रोलियम एव प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने आयोजित पत्रकार सम्मेलन के दौरान कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने देश की बागडोर संभाली,उस समय देश की क्या स्थिति थी,यह सभी जानते हैं। पहले की योजनाओं और अब की योजनाओं में अंतर स्पष्ट नजर आता है और योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों को फायदा भी पहुंचा रही हैं। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसलिए सभी देश वासियों के लिए यह जश्न मनाने की बात है,लेकिन इसी के साथ हमने पिछले 12 साल में जो विकास किया है उसका रिव्यू भी कर रहे हैं। पेट्रोल डीजल की कीमतो पर बोलते हुए पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से कुछ सप्ताह पहले पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए कम की गई, जिसके कारण वित्त मंत्रालय पर लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का बोझ पड़ा। एक्साइज ड्यूटी कम करने का उद्देश्य बढ़ती कीमतों के दौरान आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ न पड़ने देना था। भारत में अन्य देशों कि तुलना में पेट्रोल डीजल के दाम बहुत कम बढ़े हैं।



# डीएमसी एंड एच में विश्व रक्तदाता दिवस 2026 मनाया गया

सुनील पांडे

लुधियाना / यूटर्न टाइम्स / विश्व रक्तदाता दिवस 2026 के अवसर पर डीएमसी एंड एच के इम्यूनोहैमेटोलॉजी एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन (आईएचबीटी) विभाग द्वारा ह्मानवता की एक बूंद। रक्तदान करें। जीवन बचाएं ह्व विषय के तहत एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ. राजेश कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, आईएचबीटी विभाग के नेतृत्व में किया गया। शिविर का समन्वय डॉ. सोनिया गुप्ता, अतिरिक्त प्रोफेसर, डॉ. दीपिका अग्रवाल, सहायक प्रोफेसर तथा विभाग के समर्पित फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन दीपक दुमरा, सदस्य, डीएमसी एंड एच प्रबंध समिति; बिपिन गुप्ता, सचिव, डीएमसी एंड एच प्रबंध समिति; मुकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष, डीएमसी एंड एच प्रबंध समिति; डॉ. जी.एस. वांडर, प्रिंसिपल, डीएमसी एंड एच; डॉ. अश्वनी के. चौधरी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट; डॉ. संदीप शर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट; डॉ. आशिमा तनेजा, अतिरिक्त मेडिकल सुपरिंटेंडेंट; तथा डॉ. राजेश कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, आईएचबीटी विभाग द्वारा किया गया।



# पंजाब में प्रशासनिक फेरबदल, आईएएस व पीसीएस अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। पंजाब सरकार ने प्रशासनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आईएएस और पीसीएस अधिकारियों के तबादले व नई तैनातियों के आदेश जारी किए हैं।

मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नई तैनाती पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेशों के मुताबिक आईएएस अधिकारी ओजस्वी को ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी से हटाकर लुधियाना नगर निगम का कमिश्नर लगाया गया है। वे आईएएस नीरू कतियाल गुप्ता की जगह पदभार संभालेंगे। वहीं नीरू कतियाल गुप्ता को विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन एवं समन्वय विभाग लगाया गया है।







पटियाला नगर निगम के कमिश्नर परमजीत सिंह को विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग तैनात किया गया है। इसके अलावा पीसीएस अधिकारी विकास हीरा की सेवाएं आवास एवं शहरी विकास विभाग को सौंपी गई हैं। उन्हें ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, लुधियाना में अतिरिक्त मुख्य प्रशासक के पद पर तैनात किया जाएगा। वे आईएएस ओजस्वी की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

पीसीएस अधिकारी पूजा सायल को नगर निगम पटियाला का कमिश्नर लगाया जाएगा। अमरबीर कौर भुल्लर को अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर जनरल फतेहगढ़ साहिब, जबकि अमरिंदर सिंह टिवाणा को पंजाब अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड का सचिव नियुक्त किया गया है। कनु थिंद को पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन के अतिरिक्त मैनेजिंग डायरेक्टर का अतिरिक्त चार्ज भी दिया गया है। सरकार ने संबंधित विभागों को खाली होने वाले पदों के कार्यों के निपटारे के लिए आंतरिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# चंडीगढ़ में रक्षा तैयारियों पर मंथन: तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारियों ने बनाई संयुक्त रणनीति



चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। देश की सैन्य क्षमताओं को और मजबूत बनाने तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारी शनिवार को चंडीगढ़ में एक मंच पर जुटे। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) में आयोजित प्रिंसिपल मेंटेनेंस ऑफिसर्स कमेटी (PMOC) की बैठक में रक्षा उपकरणों के रखरखाव, स्वदेशी तकनीकों के विस्तार और संयुक्त सैन्य समन्वय पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता पीएमओसी के चेयरमैन एवं एयर ऑफिसर मेंटेनेंस एयर मार्शल संजीव घुरटिया ने की। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एडीएस औजला, वाइस एडमिरल शिवा कुमार, एयर मार्शल पी.के. वोहरा समेत तीनों सेनाओं और इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में रक्षा संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, सैन्य उपकरणों के रखरखाव को अधिक प्रभावी बनाने, इन्वेंट्री सिस्टम को मजबूत करने तथा स्वदेशी रक्षा तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

# ज्यादा दवा नहीं, सही दवा ही बीमारी का सही इलाज - डॉ. राजेश थापर



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) लुधियाना और नीमा वूमेन फोरम ने जीएसके फार्मा के सहयोग से एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विषय पर एक साइंटिफिक सेशन आयोजित किया। विशेषज्ञों ने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं का अनावश्यक और बिना डॉक्टर की सलाह के उपयोग एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को बढ़ावा देता है, जिससे उपचार कठिन हो जाता है। नीमा के अध्यक्ष डॉ. राजेश थापर ने कहा कि बीमारी को ठीक करने का सही तरीका ज्यादा दवा नहीं, बल्कि सही दवा है। इस अवसर पर डॉ दलजीत राय ढंड, डॉ अशोक सिंगला, डॉ गौरव शर्मा तथा डॉ गुरप्रीत सिंह विशेष तौर पर हाजिर हुए। इस अवसर पर जीएसके टीम लुधियाना (अल्टस डिवीजन) के राहुल विश्नोई (क्षेत्रीय प्रमुख), विशाल अरोड़ा (एबीएम), ईश्वरजीत सिंह (एमबीए), अजय टंडन (एमबीए), कार्तिकेय भारद्वाज (एमबीए) तथा चंदन बातिश (एमबीए) ने कंपनी और उसके प्रोडक्ट्स के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ दलजीत राय ढंड, डॉ अशोक सिंगला, डॉ गौरव शर्मा तथा डॉक्टर गुरप्रीत सिंह हाजिर हुए।

# मंत्री का आवास घेरने पहुंची संघर्ष कमेटी, मांग पत्र सौंपा

लुधियाना/यूटर्न/13 जून। लुधियाना में चंडीगढ़ रोड पर स्थित नगर निगम संघर्ष कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया के आवास का घेराव करने के लिए कूच किया, जिसके बाद मौके पर हलचल बढ़ गई। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल की मंत्री से मुलाकात भी हुई, जहां उन्हें मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शनकारियों के नेता नरेश धीगान और विक्की सहोता ने कहा कि वे अपने संघर्ष से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने निगम मुलाजिमों को पक्का करने का जो वादा किया था, अब वह उससे पीछे हट रही है। कई मुलाजिम ऐसे हैं जो ओवरएज हो चुके हैं, लेकिन अभी तक पक्के नहीं किए हैं। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा गया है। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वह उनकी मांगों को मुख्यमंत्री और लोकल बॉडी मंत्री तक पहुंचाएंगे। उधर, कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों की मांगें सुनी हैं। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार जनता की सरकार है और लोकहित में फैसले करती है। सरकार की कोशिश है कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए।



# डड्डूमाजरा में पुलिस-पब्लिक मीटिंग: नशे, हुड़दंग और सुरक्षा मुद्दों पर खुलकर बोले लोग

## एसएचओ बलदेव कुमार ने कार्रवाई का दिया भरोसा







अजीत झा,
चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। डड्डूमाजरा कॉलोनी में शनिवार शाम को आयोजित पुलिस-पब्लिक मीटिंग में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, बढ़ते नशे, हुड़दंगबाजी और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए नशे के कारोबार और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बैठक का आयोजन द डड्डूमाजरा रेसिडेंट्स कॉलोनी वेलफेयर एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन, सेक्टर-38 वेस्ट, चंडीगढ़ की ओर से किया गया।

बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और क्षेत्र में बढ़ती नशे की समस्या को सबसे गंभीर मुद्दा बताया। लोगों ने कहा कि नशे में धुत युवक कई बार झगड़े, मारपीट और अन्य आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं, जिससे आम नागरिकों में भय का माहौल बना रहता है। इसके अलावा बिना हेलमेट और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले युवकों द्वारा सड़कों पर हुड़दंग मचाने की शिकायतें भी पुलिस के समक्ष रखी गईं।

### नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

स्थानीय निवासियों ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए लगातार अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि नशा बेचने वालों और इसमें शामिल तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाए। लोगों ने यह भी कहा कि कई वारदातों के पीछे नशे का सीधा संबंध देखने को मिलता है, इसलिए इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण बेहद जरूरी है।

### एसएचओ बलदेव कुमार ने सुनीं समस्याएं

बैठक में मलोया थाना प्रभारी बलदेव कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने लोगों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा भरोसा दिलाया कि पुलिस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार, असामाजिक गतिविधियों और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। एसएचओ बलदेव कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि, नशा तस्करी या आपराधिक तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के सहयोग से ही अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

### स्थानीय लोगों ने की एसएचओ की सराहना

बैठक के दौरान स्थानीय निवासियों ने एसएचओ बलदेव कुमार के कार्यों की सराहना भी की। लोगों ने कहा कि उनके कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार आया है। निवासियों के अनुसार एसएचओ बलदेव कुमार नियमित रूप से पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त करते हैं और लोगों की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं। कई लोगों ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में बलदेव कुमार ने थाना प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाली है, वहां अपराध पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिला है। स्थानीय लोगों ने उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह पुलिस और जनता के बीच संवाद बना रहेगा।

# एआईसीएमए अवार्ड्स में गूंजा राष्ट्रगान, नोबल फाउंडेशन के बच्चों ने जीता सभी का दिल



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। होटल पार्क प्लाजा में आयोजित 5वें एआईसीएमए अवार्ड्स समारोह में उस समय पूरा माहौल गर्व और देशभक्ति से भर गया, जब नोबल फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों के आत्मविश्वास और अनुशासित प्रदर्शन ने समारोह में मौजूद सभी अतिथियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया और विशिष्ट अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने बच्चों की प्रस्तुति की खुलकर सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर नोबल फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और आत्मविश्वास भी दे रहे हैं। बच्चों की प्रस्तुति देखकर वे बेहद प्रसन्न नजर आए। समारोह के दौरान राज्यपाल ने विद्यार्थियों के साथ समूह फोटो भी खिंचवाई, जो सभी के लिए यादगार पल बन गया। इस अवसर पर ऋषि पाहवा (प्रेसिडेंट, एआईसीएमए), दीपक जैन (वाइस प्रेसिडेंट, एवन साइकिल्स लिमिटेड), हरसिमरनजीत सिंह लक्की और गुरमीत कोलार भी उपस्थित रहे। वहीं संस्था की अध्यापिकाएं अंजना शर्मा और गुरजीत कौर विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहीं। राष्ट्रगान प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में रवीना, समर, विक्रम, ज्योति और कमलदीप शामिल रहे। बच्चों की प्रस्तुति ने समारोह को खास बना दिया और नोबल फाउंडेशन को नई पहचान दिलाई।

## मामूली विवाद ने उजाड़ दिया परिवार: पंचकूला में युवक की हत्या, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया





पंचकूला/यूटर्न/13 जून। चंडीमंदिर क्षेत्र के नाडा गांव में शुक्रवार रात एक मामूली कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। परिवार के बीच शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि 32 वर्षीय रवि की जान चली गई। घटना के बाद उसके तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जबकि परिवार में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार रवि, उसका भाई बंटी और बंटी की पत्नी का भाई विक्की शुक्रवार रात करीब नौ बजे घग्गर नदी के किनारे बैठे हुए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर रवि और उसके भाई बंटी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर बंटी वहां से चला गया, लेकिन आरोप है कि विक्की और रवि के बीच बहस जारी रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों के बीच बात इतनी बढ़ गई कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। इसी दौरान विक्की ने कथित तौर पर किसी धारदार हथियार से रवि पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल रवि खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

परिजन और स्थानीय लोग घायल रवि को तुरंत सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चंडीमंदिर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक रवि मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और नाडा गांव में रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी मौत के बाद पत्नी और तीन छोटे बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## वार्ड-14 में पानी की समस्या को लेकर नगर निगम के बाहर प्रदर्शन, आपकी आवाज पार्टी ने उठाए सवाल



चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। वार्ड-14 में पेयजल संकट और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को आपकी आवाज पार्टी भारत ने नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रेमपाल चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की। प्रेमपाल चौहान ने आरोप लगाया कि वार्ड-14 के कई इलाकों में लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग लगातार परेशानी झेल रहे हैं, जबकि स्थानीय पार्षद गांव और वार्ड की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपकी आवाज पार्टी भारत आम लोगों की आवाज बनकर उनके मुद्दों को प्रशासन तक पहुंचाने का काम कर रही है। पार्टी की टीम लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से संवाद कर रही है और उनकी समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष रख रही है। प्रेमपाल चौहान ने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। यदि लोगों को पानी जैसी आवश्यक सुविधा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है तो यह चिंता का विषय है।

# मिशन क्लीन एंड ग्रीन सिटी के तहत जीरकपुर में चला सफाई अभियान

## पभात और चंडीगढ़-अंबाला रोड पर फ्लाईओवर के दोनों तरफ करवाई गई सफाई





जीरकपुर/यूटर्न/13 जून। पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन क्लीन एंड ग्रीन सिटी के तहत जीरकपुर शहर को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पभात और चंडीगढ़-अंबाला रोड पर फ्लाईओवर के दोनों तरफ सफाई करवाई गई।

खास बात यह रही कि अब तक एसी कमरों में बैठकर काम करने वाले अधिकारी खुद फील्ड में उतरकर ग्राउंड जीरो पर अभियान की निगरानी करते नजर आए। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी ने मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और टीम को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान सेनेटरी इंस्पेक्टर रणजीत सिंह सहित नगर परिषद की पूरी टीम सफाई अभियान को सफल बनाने में जुटी रही। कर्मचारियों ने सड़क किनारे जमा कचरे, धूल-मिट्टी और अन्य गंदगी को हटाकर क्षेत्र को साफ किया। अधिकारियों ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नगर परिषद का उद्देश्य जीरकपुर को क्लीन एंड ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करना है, जिसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से सफाई और हरियाली से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

नगर परिषद अधिकारियों ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# बबली ढिल्लों ने आप को ललकारा – साढ़े चार साल में एक भी बड़ी उपलब्धि बताओ

## पंजाब को विकास की बजाय अराजकता, गुंडागर्दी, लूट खसूट, कत्ल, फिरौतियों, नशाखोरी और भ्रष्टाचार में धकेला

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/13 जून। शिरोमणि अकाली दल ने शुक्रवार को पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोलते हुए पांच साल के कार्यकाल का सार्वजनिक हिसाब मांगा। बठिंडा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिरोमणि अकाली दल के बठिंडा अर्बन हलका इंचार्ज इकबाल सिंह बब्बली ढिल्लों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी कि वे पंजाब की जनता को बताएं कि सत्ता में आने के बाद पिछले साढ़े चार सालों में उनकी सरकार ने क्या दिया है। ₹एक बड़ी उपलब्धि बताओ। बस एक,₹ ढिल्लों ने कहा और सवाल किया कि क्या सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान कोई नई यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज या कोई बड़ी शैक्षणिक संस्था स्थापित की है। उन्होंने यह भी पूछा कि रूटीन सरकारी भर्ती के अलावा पंजाब के बेरोजगार नौजवानों के लिए कोई



महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा किए गए हैं या नहीं। ढिल्लों ने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों की रिक्त पड़ी सीटें भरना एक सामान्य प्रशासनिक कार्य है और इसे विकास की उपलब्धि के रूप में पेश नहीं किया जा सकता। उन्होंने इंजीनियरों, डॉक्टरों, लेक्चरर्स, प्रोफेसरों और शिक्षकों की बड़े पैमाने पर भर्ती का पूरा सार्वजनिक हिसाब मांगा और पूछा कि कौन से बड़े उद्योग पंजाब में लाए गए जिन्होंने राज्य के नौजवानों के लिए हजारों रोजगार के अवसर पैदा किए। कानून व्यवस्था के बारे में, ढिल्लों ने आप सरकार पर आरोप लगाया कि उसने पंजाब को विकास की बजाय अराजकता, गुंडागर्दी, डकैती, हत्या, वसूली, नशे और भ्रष्टाचार की तरफ धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में अपराध आम बात बन गई है और नशे की समस्या काफी बढ़ गई है, जो अब बच्चों और नौजवानों तक पहुंच चुकी है और पंजाब के भविष्य को खतरे में डाल रही है।

# बलटाना में तेज रफ्तार बाइक ने 70 वर्षीय महिला को मारी टक्कर, केस दर्ज

## दूध लेकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला हुई घायल, बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/13 जून। बलटाना क्षेत्र में सड़क पार कर घर लौट रही 70 वर्षीय महिला को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक द्वारा टक्कर मारने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 281 और 125(बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में पार्वती एन्क्लेव निवासी मनजीत कौर ने बताया कि 16 मई 2026 को वह सैनी विहार फेज-2 स्थित एक डिपार्टमेंटल स्टोर से दूध लेकर घर लौट रही थीं। वह दुकान से कुछ ही दूरी पर पहुंची थीं कि ट्रिब्यून कॉलोनी की ओर से आए तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उन्हें संभाला। मौके पर मौजूद एक दुकानदार ने उनके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजन उन्हें पहले जीरकपुर के एक निजी अस्पताल ले गए और फिर बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच सेक्टर-32, चंडीगढ़ में भर्ती करवाया, जहां उनका उपचार किया गया।

# नितिन नबीन के पंजाब दौरे को ऐतिहासिक बनाने में जुटी डेरा बस्सी भाजपा

## डेराबस्सी भाजपा कार्यालय में अहम बैठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे की तैयारियों पर चर्चा



डेराबस्सी/यूटर्न/13 जून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी के आगामी पंजाब दौरे को लेकर डेरा बस्सी भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय, आदर्श नगर डेरा बस्सी में सभी मंडल अध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डेरा बस्सी विधानसभा प्रभारी स. सुखविंदर सिंह गोल्डी और स. जगदीप औजला ने की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा, स्वागत तैयारियों और डेरा बस्सी मंडल की जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा पंजाब के उपाध्यक्ष रविंद्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष पवन धीमान 'पम्मा', सुखदेव राणा, संजू राणा, सतपाल बंसल, सुरेश खटकर, जनरल सेक्रेटरी काबेरी जी, नमिता श्रीवास्तव, हरमेश गुप्ता, दविंदर पाल पुंडीर, निर्मल सिंह, दिनेश वैष्णव, गिरजा पार्षद शर्मा, सवर्ण सिंह, मक्खन सिंह सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि डेरा बस्सी से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पंजाब में पहले दौरे को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। नेताओं ने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह दौरा पंजाब में भाजपा संगठन को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# पूर्व जत्थेदार ने एसआईटी के दावे किए खारिज, बोले-एसआईटी के सदस्य मेरे घर आए

पंजाब/यूटर्न/13 जून। गोल्डन टेंपल के पूर्व हेड ग्रंथी और श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सोशल मीडिया पर चल रहे दावों का खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी एसआईटी कार्यालय में पेश नहीं हुए, बल्कि एसआईटी के सदस्य 2 दिसंबर 2024 को उनके घर आए थे। एसआईटी ने अकाल तख्त साहिब में हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि एसआईटी ने उनसे 328 पावन स्वरूपों या किसी अन्य मामले को लेकर कोई पूछताछ नहीं की। उनके अनुसार, केवल 2 दिसंबर 2024 को श्री अकाल तख्त साहिब में सुखबीर सिंह बादल और अन्य नेताओं से पूछे गए सवालों तथा उनके जवाबों पर चर्चा हुई।



**ज्ञानी हरप्रीत सिंह भी दर्ज करवा चुके बयान**...उन्होंने यह भी कहा कि उस दिन की पूरी कार्रवाई टीवी चैनलों, प्रिंट मीडिया और अकाल तख्त साहिब के रिकॉर्ड में मौजूद है। इसे दुनिया भर की सिख संगत ने लाइव देखा और सुना था, इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोई अस्पष्टता नहीं है। ज्ञानी रघबीर सिंह ने ज्ञानी हरप्रीत सिंह पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह स्वयं भी 328 पावन स्वरूपों के मामले में एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज करवा चुके हैं। ऐसे में उनकी ओर से की जा रही टिप्पणियां हैरान करने वाली हैं।

# खुड्डा जस्सू फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी नाबालिग ने किया सरेंडर, दो आरोपी अब भी फरार

## भंडारे के दौरान विवाद के बाद चली थीं गोलियां, दो युवक हुए थे घायल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। खुड्डा जस्सू गांव में ख्वाजा जी के वार्षिक भंडारे के दौरान हुई फायरिंग के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना का मुख्य आरोपी नाबालिग शनिवार को सारंगपुर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर चुका है। इससे पहले पुलिस एक अन्य आरोपी और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर चुकी थी। हालांकि मामले के दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते वीरवार रात गांव में ख्वाजा जी का वार्षिक भंडारा आयोजित किया गया था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल थे और धार्मिक अनुष्ठान चल रहा था। इसी दौरान एक स्विफ्ट कार में सवार चार युवक गांव की गलियों में तेज आवाज में संगीत बजाते हुए घूम रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक लापरवाही से वाहन भी चला रहे थे, जिस पर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई। ग्रामीणों ने युवकों को धार्मिक आयोजन का सम्मान करने और शांति बनाए रखने की सलाह दी, जिसके बाद वे वहां से चले गए। कुछ समय बाद युवक दोबारा लौट आए। दूसरी बार लौटने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही तीखी बहस में बदल गई।



मौके पर मौजूद लोगों ने विवाद को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपियों में शामिल एक युवक ने अचानक पिस्टल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौके पर कई राउंड गोलियां चलाई गईं। गोली लगने से गांव निवासी परमवीर सिंह और गुरसेवक सिंह घायल हो गए। परमवीर के हाथ को गोली छूकर निकल गई, जबकि गुरसेवक की जांघ में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और भंडारे में मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घायल युवकों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

### ग्रामीणों ने दिखाई बहादुरी

फायरिंग के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी को काबू कर उसके पास मौजूद हथियार भी छीन लिया। हालांकि मुख्य आरोपी और उसके अन्य साथी मौके से फरार होने में सफल रहे।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

जांच टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि घटना की पूरी श्रृंखला स्पष्ट हो सके। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के पास हथियार कहां से आया और क्या उनका पहले भी किसी आपराधिक गतिविधि से संबंध रहा है।

### हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

सूचना मिलते ही सारंगपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग के हैं। मामले में पहले एक आरोपी और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया था। अब मुख्य आरोपी नाबालिग ने भी पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया है। इसके बावजूद दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

धार्मिक आयोजन के दौरान हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते युवकों को रोका जाता तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल सारंगपुर थाना पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि फरार दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अभिषेक बनर्जी के घर पर रात ढ़ाई बजे रेड, ममता बनर्जी पहुंचीं, हुआ हंगामा

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित घर पर भारी हंगामा हुआ। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार तड़के करीब ढ़ाई बजे बंगाल पुलिस की एक टीम अभिषेक बनर्जी के घर में घुस गई। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम मेदिनीपुर पुलिस की यह आधी रात की रेड कथित तौर पर अभिषेक बनर्जी के पर्सनल सेक्रेटरी सुमित रॉय को पकड़ने के लिए की गई थी। रॉय पर जबरन वसूली का मामला दर्ज है। पता चला है कि पुलिस रात 2:30 बजे अभिषेक बनर्जी के घर पहुंची और तलाशी लेने की मांग की। घर के अंदर मौजूद बनर्जी की सिक्योरिटी टीम ने पुलिस टीम को रोका। सिक्योरिटी टीम के साथ बहस के बाद, पुलिस टीएमसी सांसद के घर में घुस गई और तलाशी ली। सूत्रों के अनुसार, जैसे ही यह खबर तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को मिली, वह तुरंत अपने भतीजे के घर पहुंचीं और पुलिस टीम से सवाल-जवाब किए।



### नोटिस भी भेजा गया

सीआईडी ने अभिषेक बनर्जी को पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान कथित हेट स्पीच (नफरत फैलाने वाला भाषण) मामले में 16 जून को एजेंसी के सामने पेश होने का नोटिस भी भेजा है। अब एजेंसी ममता बनर्जी के भतीजे के खिलाफ दो अलग-अलग मामलों की जांच कर रही है। विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद से ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल के कद्दावर नेता की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

### हंगामे के बाद टीम चली गई

कुछ देर तक चले भारी हंगामे के बाद, पुलिस टीम अभिषेक बनर्जी के घर से चली गई और जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री भी अपने घर के लिए रवाना हो गईं। निवार सुबह सांसद के घर पर भारी पुलिस और केंद्रीय बलों की मौजूदगी भी देखी गई। देर रात हुई तलाशी पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए, अभिषेक बनर्जी ने पत्रकारों से कहा कि जांच एजेंसियों से जाकर पूछें। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बनर्जी के सहयोगी पर लगे आरोपों को खारिज किया और इस कार्रवाई को ₹राजनीतिक बदले की भावना₹ करार दिया।

### छह घंटे हुए पूछताछ

दक्षिण कोलकाता में सीआईडी के मुख्यालय में उनसे लगभग छह घंटे तक पूछताछ की गई और गुरुवार को आधी रात से कुछ देर पहले उन्हें छोड़ दिया गया। यह पूछताछ पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के पदों पर नियुक्ति से जुड़े एक अहम प्रस्ताव पर कई तृणमूल कांग्रेस विधायकों के हस्ताक्षरों में अंतर के मामले में चल रही जांच के सिलसिले में थी। पूछताछ के लिए लगातार तीन नोटिसों को नजरअंदाज करने के बाद, अभिषेक बनर्जी आखिरकार गुरुवार को पूछताछ का सामना करने के लिए पेश हुए।

### कोर्ट में विचाराधीन मामला

यह कदम कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल-जज वेकेशन बेंच द्वारा पूछताछ के लिए उक्कऑफिस में पेश होने की गुरुवार शाम 6 बजे की समय-सीमा तय करने के बाद उठाया गया। हालांकि बेंच ने उन्हें गिरफ्तारी सहित पुलिस की सख्त कार्रवाई से 21 दिनों की सुरक्षा दी, लेकिन साथ ही अभिषेक बनर्जी को जांच अधिकारियों का सहयोग करने का निर्देश भी दिया। उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए फिर से बुलाया गया है।

# 19.90 करोड़ की हेरोइन बरामद, डीआरआई की टीम ने पीछा कर पकड़े तस्कर



लुधियाना/यूटर्न/13 जून। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) की लुधियाना जोनल यूनिट ने करीब 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। डीआरआई द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह ऑपरेशन विशेष खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था, जिसमें एक संदिग्ध वाहन के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी की जानकारी मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए डीआरआई की टीम ने 12 जून को सुबह करीब 11 बजे लुधियाना के बाहरी इलाके में निगरानी लगाई और संदिग्ध वाहन को रोकने की कोशिश की। हालांकि, वाहन में सवार व्यक्ति ने पकड़ से बचने के लिए तेज रफ्तार में भागने की कोशिश की, जिसके बाद टीम ने पीछा कर वाहन रोक लिए। तलाशी के दौरान कार की डिक्की में रखे एक बैग से 18 पैकेट बरामद हुए। इसके अलावा वाहन से 1,64,500 रुपये की भारतीय नकदी भी मिली। बरामद पदार्थ की फील्ड टेस्टिंग करने पर यह हेरोइन पाई गई। जब्त की गई हेरोइन का कुल वजन 9.948 किलोग्राम दर्ज किया गया है।

# कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर का अमृतसर में प्रदर्शन, बोले- हमारे लिए कोई सिक्योरिटी नहीं



अमृतसर/यूटर्न/13 जून। अमृतसर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को प्रदर्शन किया। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके दोपहर को गोल्डन टेंपल पहुंचे। इसके बाद वह कार से गोल्डन गेट आए, जहां प्रदर्शन के लिए भीड़ जुटी। अभिजीत ने कहा कि यहां पुणे और दिल्ली से भी बड़ा प्रदर्शन होगा। उन्होंने कहा- मैं बिल्कुल टाइम पर यहां आया था, लेकिन मैं ट्रैफिक में फंस गया। यहां हमारे लिए कोई सिक्योरिटी नहीं है। न ही पुलिस ने हमें कोई स्पेशल एस्कॉर्ट दिया। गोल्डन गेट पर मंच से युवाओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो-कॉकरोच जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन की अनुमति दीपके ने खुद ऑनलाइन माध्यम से डीसीपी लॉ एंड ऑर्डर आलम विजय से शाम 4 से 7 बजे तक ली थी। हालांकि, करीब साढ़े 5 बजे ही प्रोटेस्ट खत्म हो गया और अभिजीत रवाना हो गए। उससे पहले सीजेपी को लेकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था कि जो भी इस पार्टी को समर्थन देगा या इसकी फंडिंग करेगा, वह देश के खिलाफ माना जाएगा।

## आंदोलन के लिए पंजाब जरूरी

प्रदर्शन के लिए अमृतसर आने को लेकर अभिजीत ने कहा- देश में जब भी कभी कोई आंदोलन होता है, उसमें पंजाब का सबसे बड़ा योगदान रहता है। इसलिए, हमने पंजाब में अमृतसर को प्रदर्शन के लिए चुना। जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक हम बैठे ही रहेंगे।

## हमें चुनाव से कोई लेना-देना नहीं

पंजाब में चुनाव को लेकर अभिजीत ने कहा- पंजाब के बच्चे भी एग्जाम देते हैं। वे नीट, सीबीएसई, आदि परीक्षाओं में भाग लेते हैं। उनके लिए यहां आंदोलन करना जरूरी है। चुनाव से हमें कोई लेना-देना नहीं। एजुकेशन के नाम पर जो यहां वोट मांग रहे हैं, वे अपना काम कर रहे हैं। हमें अपना काम करना है। बच्चों के साथ जो अन्याय हुआ है, हम उसकी बात कर रहे हैं। 6 बच्चों ने सुसाइड किया है, उन्हें न्याय दिलाने की बात हम कर रहे हैं।

# जीरकपुर में चंडीगढ़ मार्का अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

जीरकपुर/यूटर्न/13 जून। आबकारी विभाग और जीरकपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ मार्का अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देसी शराब के 48 हाफ बरामद किए हैं। मामले में मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जयबीर पुत्र चंद्र सैन निवासी बिशनपुरा, जीरकपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 12 जून की रात आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह, सर्कल जीरकपुर अपनी टीम के साथ चंडीगढ़ एन्क्लेव क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान टीम ने काले रंग की मोटरसाइकिल नंबर पीबी-70एफ-3120 को शक के आधार पर रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार थे। पीछे बैठे व्यक्ति के पास गत्ते के दो डिब्बे थे। टीम द्वारा रोकने पर मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति को टीम ने काबू कर लिया। तलाशी के दौरान डिब्बों से चंडीगढ़ मार्का देसी शराब 'टैगो संतरा' के 48 हाफ बरामद हुए। बरामद शराब पर 'फॉर सेल इन चंडीगढ़' अंकित था, जो केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए मान्य है।



# हरिंदर सिंह हनी को डेराबस्सी यूथ अकाली दल की कमान

डेराबस्सी/यूटर्न/13 जून। शिरोमणि अकाली दल ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में डेराबस्सी हलके में अहम नियुक्ति की है। पार्टी प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने हरिंदर सिंह हनी को डेराबस्सी हलके का यूथ अकाली दल अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने यह जिम्मेदारी उनकी लंबे समय से की जा रही सेवाओं, मेहनत और संगठन के प्रति वफादारी को देखते हुए सौंपी है। पार्टी नेताओं के अनुसार हरिंदर सिंह हनी लंबे समय से शिरोमणि अकाली दल के साथ जुड़े हुए हैं और हलके में पार्टी की गतिविधियों को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाते



रहे हैं। वह पार्टी के कार्यक्रमों, रैलियों और जनसंपर्क अभियानों में लगातार भागीदारी करते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर युवाओं के साथ उनके संपर्क और संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। साबका विधायक एनके शर्मा ने कहा कि हरिंदर सिंह हनी जैसे मेहनती और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत



हैं। उन्होंने कहा कि हनी ने हमेशा पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ पार्टी की सेवा की है। उनकी अगुवाई में डेराबस्सी हलके का युवा वर्ग और मजबूती से अकाली दल के साथ जुड़ेगा। नियुक्ति के बाद हरिंदर सिंह हनी ने पार्टी हाईकमान और एनके शर्मा का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि डेराबस्सी हलके के गांवों और शहरों में जाकर युवाओं को संगठन से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही शिरोमणि अकाली दल की नीतियों और कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। इस नियुक्ति के बाद डेराबस्सी हलके के अकाली कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हरिंदर सिंह हनी को बधाई दी और मुंह मीठा करवाकर खुशी जताई।

# पूर्व जत्थेदार ने एसआईटी के दावे किए खारिज, बोले-एसआईटी के सदस्य मेरे घर आए

पंजाब/यूटर्न/13 जून। गोल्डन टेंपल के पूर्व हेड ग्रंथी और श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने सोशल मीडिया पर चल रहे दावों का खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी एसआईटी कार्यालय में पेश नहीं हुए, बल्कि एसआईटी के सदस्य 2 दिसंबर 2024 को उनके घर आए थे। एसआईटी ने अकाल तख्त साहिब में हुई कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ज्ञानी रघबीर सिंह ने बताया कि एसआईटी ने उनसे 328 पावन स्वरूपों या किसी अन्य मामले को लेकर कोई पूछताछ नहीं की। उनके अनुसार,



केवल 2 दिसंबर 2024 को श्री अकाल तख्त साहिब में सुखबीर सिंह बादल और अन्य नेताओं से पूछे गए सवालों तथा उनके जवाबों पर चर्चा हुई।

**ज्ञानी हरप्रीत सिंह भी दर्ज करवा चुके बयान...** उन्होंने यह भी कहा कि उस दिन की पूरी कार्रवाई टीवी चैनलों, प्रिंट मीडिया और अकाल तख्त साहिब के रिकॉर्ड में मौजूद है। इसे दुनिया भर की सिख संगत ने लाइव देखा और सुना था, इसलिए इसमें किसी प्रकार की कोई अस्पष्टता नहीं है। ज्ञानी रघबीर सिंह ने ज्ञानी हरप्रीत सिंह पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह स्वयं भी 328 पावन स्वरूपों के मामले में एसआईटी के समक्ष अपना बयान दर्ज करवा चुके हैं। ऐसे में उनकी ओर से की जा रही टिप्पणियां हैरान करने वाली हैं।

## येलो ड्रेस में पूजा हेगड़े का ग्लैमरस अंदाज, फैंस बोले-स्टनिंग लुक!




बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपने नए ग्लैमरस लुक को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। येलो ऑफ-शोल्डर ड्रेस में पूजा का कॉन्फिडेंट अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। नेचुरल बैकग्राउंड और स्टाइलिश पोज ने उनकी तस्वीरों को और भी आकर्षक बना दिया है। सोशल मीडिया यूजर्स पूजा की खूबसूरती और फैशन सेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पूजा का यह लुक इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# जोरहाट में एएन-32 विमान दुर्घटना में आईएएफ के 5 जवान शहीद, जांच के आदेश

चंडीगढ़/यूटर्न/13 जून। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने बताया कि शनिवार को असम के जोरहाट जिले में लैंडिंग के दौरान वायु सेना का एक एएन-32 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में पांच जवान शहीद हो गए। इस दुर्घटना की जानकारी सबसे पहले शनिवार सुबह मिली थी, और बाद में वायु सेना ने विमान में सवार सभी पांच जवानों की मौत की पुष्टि की। शहीद हुए जवानों की पहचान स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम के तौर पर हुई है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना जोरहाट, असम में एएन-32 दुर्घटना में पांच जवानों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करती है। स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया। विमान के को-पायलट घायल हो गए हैं और जोरहाट में आईएएफ के मेडिकल सेंटर में उनका इलाज चल रहा है।



## शहीदों के परिवारों से संवेदना व्यक्त

वायु सेना ने शहीद जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की और कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ मजबूती से खड़ी है। आईएएफ ने लिखा, आईएएफ जान गंवाने वाले जवानों पर गहरा दुख व्यक्त करती है और दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। इससे पहले दिन में, आईएएफ ने बताया था कि सामान ले जाने वाला एक एएन-32 कार्गो विमान जोरहाट स्थित एयर फोर्स स्टेशन पर लैंडिंग की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

**लैंडिंग के समय हुआ हादसा...**आईएएफ ने कहा, असम के जोरहाट में एयर फोर्स स्टेशन पर लैंडिंग के दौरान एक सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त विमान एक एएन-32 कार्गो विमान था जिसका इस्तेमाल सामान ले जाने के लिए किया जाता था। यह दुर्घटना तब हुई जब विमान एयरबेस पर लैंडिंग की कोशिश कर रहा था। इसके बाद, आईएएफ ने एक और बयान जारी कर बताया कि विमान सुबह 10 बजे एक रूटीन उड़ान (सॉर्टी) के दौरान दुर्घटना का शिकार हुआ। बयान में कहा गया है, ₹आज सुबह लगभग 10 बजे असम के जोरहाट में रूटीन उड़ान के दौरान आईएएफ के एएन-32 विमान का एक्सीडेंट हो गया। अभी क्रैश वाली जगह पर हालात संभालने और शुरूआती जांच का काम चल रहा है। आईएएफ सभी से अपील करती है कि शुरूआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं।

# चंडीगढ़ मार्का शराब की 48 आधी बोतलों सहित एक काबू

जीरकपुर/यूटर्न/13 जून। आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ मार्का देसी शराब की 48 आधी बोतलों सहित एक व्यक्ति को काबू किया है। आरोपी की पहचान जयबीर पुत्र चंद्र सैन निवासी बिशनपुरा, जीरकपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 12 जून की रात आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह, सर्कल जीरकपुर अपनी टीम के साथ चंडीगढ़ एन्क्लेव क्षेत्र में नाकाबंदी कर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने शक के आधार पर काले रंग के मोटरसाइकिल नंबर ढइ-70ऋ-3120 को रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार थे और पीछे बैठे व्यक्ति के पास गत्ते के दो डिब्बे थे। टीम द्वारा मोटरसाइकिल रोकने पर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति को टीम ने काबू कर लिया। तलाशी लेने पर डिब्बों में से चंडीगढ़ मार्का देसी शराब 'टैगो संतरा' की 48 आधी बोतलें बरामद हुई। बरामद शराब पर 'फॉर सेल इन चंडीगढ़' अंकित था, जो केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए मान्य बताई जा रही है।

आबकारी विभाग की ओर से आरोपी, मोटरसाइकिल और बरामद शराब को थाना जीरकपुर पुलिस के हवाले किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी जयबीर के खिलाफ एक्साइज एक्ट की धारा 61/1/14 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार मोटरसाइकिल चालक की तलाश में जुटी हुई है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लाई गई थी और किसे सप्लाई की जानी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है और फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**नाकाबंदी में पकड़ी गई अवैध शराब, बाइक चालक फरार**

**जीरकपुर में चंडीगढ़ से लाई शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार**







# जीरकपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल

## एसएसएफ टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, बैंक लॉकर की चाबी, मोबाइल और लैपटॉप परिवार को सौंपा

जीरकपुर/यूटर्न/13 जून। जीरकपुर में बीती रात एकेएम पैलेस के सामने हुए सड़क हादसे में एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची सड़क सुरक्षा फोर्स यानी एसएसएफ टीम ने घायल को प्राथमिक सहायता देकर अस्पताल पहुंचाया।

साथ ही मौके से मिला कीमती सामान सुरक्षित रखकर परिवार को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार शाइन एनक्लेव, जीरकपुर निवासी पुनीत चतुर्वेदी अपनी कार से जा रहे थे। जब वह एकेएम पैलेस के सामने पहुंचे तो एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और चालक पुनीत चतुर्वेदी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के समय एसएसएफ टीम पटियाला रोड से जीरकपुर छत लाइट प्वाइंट की ओर एक अन्य सड़क हादसे की सूचना पर जा रही थी। इसी दौरान टीम ने एकेएम पैलेस के सामने दुर्घटनाग्रस्त कार और घायल चालक को देखा। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद एसएसएफ टीम को मौके से बैंक लॉकर की चाबी, दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप मिला।





# मोदी सरकार के 12 साल के बेमिसाल सफर पर बोले हरदीप पुरी: ₹प्रधानमंत्री मोदी ने जनता द्वारा चुने जाकर बनाया इतिहास₹



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/13/जून। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज हलवारा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने न केवल देश की सेवा में लंबा समय बिताया है, बल्कि वे पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने लगातार जनता द्वारा चुनकर 12 वर्षों तक देश का नेतृत्व किया है।

## नेहरू जी से की तुलना

हरदीप पुरी ने पं. जवाहरलाल नेहरू का जिक्र करते हुए कहा कि नेहरू जी भी लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे थे, लेकिन वे जनता द्वारा चुनकर नहीं, बल्कि नामित (nominate) होकर इस पद पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सफर लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है।

## 'भारत विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर'

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि भारत 'विश्व गुरु' बने और आज मोदी सरकार उन्हीं के सपनों को साकार करते हुए देश के पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचा रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विरोधी दल देश की इस तरक्की को पचा नहीं पा रहे हैं।

## 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम को दिया बढ़ावा

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने बताया कि पार्टी का लक्ष्य मोदी सरकार की इन 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। इस मौके पर मनप्रीत सिंह तलवंडी, जिला जनरल सेक्रेटरी गुरसिमरन सिंह गिल, प्रदीप जंड, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल, बल कृष्ण गर्ग, परमजीत सिंह टूसे, ज्योति देयोल, सुमित कुमार, विशाल भारद्वाज, महीपाल कुमार, अशोक चोपड़ा, सन्नी कक्कड़, जगतार सिंह बांगड़, दविंदर सिंह कैले, भोला सिंह, कपिल गर्ग, गौरव गुप्ता और सुरेश गर्ग समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372